पुलिस मुठभेड़ में 25,000 का इनामिया लुटेरा गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय जनपद कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन में व श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर के पर्यवेक्षण में श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा बिल्हौर के गांव चौखंडी के सामने मकनपुर रोड पर स्थित तालाब की तरफ जाने वाले कच्ची सड़क पर समय 9:50 रात्रि मुखबिर की सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 193/23 धारा 392/341/411 आईपीसी सम्बंधित थाना बिल्हौर कमिश्नरेट कानपुर नगर में वांछित **अभियुक्त सिकंदर उर्फ शाहिल उर्फ कल्लन पुत्र मोहम्मद अब्दुल सलीम उर्फ कदीर निवासी 38 G गंगानगर श्याम नगर थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर** जिस पर **₹25000** का इनाम था को रोकने का प्रयास किया गया। तो अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। जिसकी जवाबी कार्यवाही में आत्मरक्षार्थ स्थानीय पुलिस द्वारा फायर किया गया तो अभियुक्त के बांये पैर में गोली लगी है। मौके पर अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा देसी 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर एक खोखा कारतूस 315 बोर एक ड्राइविंग लाइसेंस , एक सर्टिफिकेट आफ रजिस्ट्रेशन , एक रोडवेज बस का टिकट UPSRTC JAHKARKATI BUS STATION TO BILHAUR DATED 26.06.2024 TIME 17:51:11 650 UP78JT7906 व 610 रुपए आदि सामान बरामद हुआ है। अभियुक्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर उपचार हेतु लाया गया जहां से उसे उपचार के लिए उर्सला जिला अस्पताल कानपुर नगर रेफर किया गया जिसे वास्ते इलाज पुलिस बल द्वारा भेजा गया। घटनास्थल को येलो टेप के माध्यम से सुरक्षित किया गया है तथा घटनास्थल पर पुलिस बल को लगाया गया है। उच्च अधिकारीगणों को इस घटना के संबंध में सूचना जरिए उचित माध्यम दी गई है। आवश्यक विधिक कार्यवाही जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सिकन्दर उर्फ साहिल उर्फ कल्लन पुत्र मो0 सलीम उर्फ कदीर निवासी 38 G गंगानगर श्यामनगर थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 45 वर्ष

माल बरामदगी

1. एक तमंचा देसी 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर एक खोखा कारतूस 315 बोर एक ड्राइविंग लाइसेंस , एक सर्टिफिकेट आफ रजिस्ट्रेशन , एक रोडवेज बस का टिकट UPSRTC JAHKARKATI BUS STATION TO BILHAUR DATED 26.06.2024 TIME 17:51:11 650 UP78JT7906 व 610 रुपए

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 193/23 धारा 392/411 आईपीसी थाना बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर
2. मु0अ0सं0 955/22 धारा 411/413/414/419/420 आईपीसी थाना कोतवाली जिला फतेहपुर
3. मु0अ0सं0 956/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जिला फतेहपुर
4. मु0अ0सं0 544/22 धारा 379 आईपीसी थाना बिन्दकी जिला फतेहपुर
5. मु0अ0सं0 459/23 धारा 406/420 आईपीसी थाना बडहलगंज जिला गोरखपुर
6. मु0अ0सं0 356/22 धारा 406/411/420 आईपीसी थाना कोतवाली जिला फतेहपुर
7. मु0अ0सं0 191/24 धारा 307 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट (पुलिस मुठभेड़) थाना बिल्हौर , कमि0 कानपुर नगर

अभियुक्त को गिफ्तार करने वाली टीम-

1. केशव कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक
2. अति0 नि0 सतीश यादव
3. उ0नि0 राजपाल सिंह
4. हे0का0 1706 पुष्पेद्र सिंह
5. हे0कां0 2118 जयपाल
6. हे0कां0 1539 बृजेन्द्र सिंह
7. हे0का0 925 मदन कुमार
8. कां0 3164 राजेन्द्र सिंह